संसद सदस्यों ने पंडित मदन मोहन मालवीय को पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, 25 दिसम्बर, 2018: लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन; केन्द्रीय ग्रामीण विकास, पंचायती राज, खान और संसदीय कार्य मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर; संसदीय कार्य मंत्रालय और जल संसाधन, नदी विकास और □ं□ा संरक्षण मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री अर्जुन मेघवाल ने आज पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

पंडित मदन मोहन मालवीय को पुष्पांजलि अर्पित करने वाले अन्य □णमान्य व्यक्तियों में अनेक पूर्व संसद सदस्य और लोक सभा की महासचिव श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव शामिल थे।

इस कार्यक्रम में भा□ लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित पंडित मदन मोहन मालवीय के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की □ई।

पंडित मदन मोहन मालवीय की देश के प्रति की □ई असाधारण सेवा के सम्मान स्वरूप भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने 19 दिसम्बर, 1957 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र का अनावरण किया था। भारत के राष्ट्रपति ने 24 दिसम्बर, 2014 को उन्हें मरणोपरांत सर्वोच्च असैनिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया।